Draft Advertisement - वेबसाइट के लिए

फ़ाइल संख्या-HINDI/RECT./NIRDH&DS/2025
आईसीएमआर-राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
अंसारी नगर नई दिल्ली –110029

दिनांक: 06.04.2026

आईसीएमआर-एनआईआरडीएच - युवा पेशेवर – 1 (प्रशासन) हिंदी अनुवादक की भर्ती के लिए विज्ञापन -

आईसीएमआर- राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। संस्थान में **युवा पेशेवर -1(प्रशासन) हिंदी अनुवादक** के एक (1) पद को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्न -1) में ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

1. वॉक इन इंटरव्यू की तिथि 24.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे निर्धारित की गयी है। इच्छुक उम्मीदवारों को उक्त तिथि को प्रातः 09:00 बजे से 09:30 बजे तक आईसीएमआर-एनआईआरडीएच अंसारी नगर नई दिल्ली –110029 के सम्मलेन कक्ष में रिपोर्ट करना होगा। निर्धारित समय के पश्चात आने वाले उम्मीदवारों को वॉक इन इंटरव्यू में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

2. चयनित उम्मीदवारों को आईसीएमआर-एनआईआरडीएच अंसारी नगर नई दिल्ली –110029 में तैनात किया जायेगा।
3. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये ।

4. शैक्षणिक योग्यता- अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के साथ हिंदी में मास्टर डिग्री या हिंदी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के साथ अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी या अंग्रेजी परीक्षा के रूप में उनमे से किसी विषय और अन्य विषय अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी या अंग्रेजी विषय से भिन्न किसी विषय में मास्टर डिग्री

तथा

हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी का अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या प्रमाण पत्र या केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों सहित भारत सर्कार के उपक्रमों में हिंदी से अंग्रेजी या अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव।
5. वांछनीय योग्यता- अनुवाद में डिप्लोमा और कं प्यूटर पर हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग की जानकारी तथा MS ऑफिस की मौलिक जानकारी तथा अनुवाद कार्य के क्षेत्र मेंकम से कम 2 वर्षों का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को वरीयता दी जायेगी।
6. पारिश्रमिक- ₹30,000/- (तीस हजार रूपए) प्रति माह भुगतान किया जायेगा। (स्थिर)
7. नियुक्ति की अवधि युवा पेशेवर - 1 (प्रशासन) हिंदी अनुवादक की नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए है, जिसे यदि आवश्यक हुआ तो आईसीएमआर-एनआईआरडीएच द्वारा सम्बंधित क्षेत्र में अपर स्तर के अधिकारी द्वारा मूल्यांकन के पश्चात उम्मीदवार के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया या घटाया जा सकता है। आईसीएमआर-एनआईआरडीएच में युवा पेशेवर की नियुक्ति की अधिकतम अवधि किसी भी स्थिति में तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।
8. युवा पेशेवर - 1 (प्रशासन) हिंदी अनुवादक के लिए आईसीएमआर-एनआईआरडीएच के दिशा निर्देशों के अनुसार, सरकारी कार्य हेतु किये जाने वाले स्वदेशी दौरों के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता स्वीकार्य होगा।

9. युवा पेशेवर यथानुपात प्रो रेटा आधार पर 1 कैलेंडर वर्ष में 8 आकस्मिक और 2 प्रतिबद्धित छुट्टियों का हकदार होगा।

10. युवा पेशेवर - 1 (प्रशासन) हिंदी अनुवादक के पद के लिए कार्य निम्नानुसार है:-

i. हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य करना।
ii. वांछित भाषा में टाइप करना।
iii. नियंत्रण अधिकारी द्वारा सौपे गए अन्य कार्य करना।

भर्ती प्रक्रिया :-

i. केवल वही उम्मीदवार वॉक इन इंटरव्यू में सम्मलित हो सकेंगे जो आयु, योग्यता और अनुभव के मानदंडों को पूरा करते हो तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित आवेदन पत्र जमा करे।
ii. ईमेल से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा
iii. चयन साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा।
iv. चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियो के साथ-साथ मूल प्रतिया भी सत्यापित हेतु प्रस्तुत करनी होगी।

नियम एवं शर्ते-

i. अधूरे, गलत या बिना फ़ोटो/हस्ताक्षर वाले आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेगे।
ii. गलत सूचना देने पर आवेदन कभी भी रद्द किया जा सकता है।
iii. परिषद् के महानिदेशक को किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने और चयन प्रक्रिया को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
iv. चयन केवल योग्यता/अनुभव एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा ।
v. आधिकारिक रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में, कार्यालय यथानुपात आधार पर वेतन की कटौती करेगा और पात्रता छुट्टियों के पश्चात् तीस दिनों से अधिक समय के लिए कार्य से अनुपस्थित रहने के मामले में, नियोक्ता बिना कोई सूचना दिए युवा पेशेवर की सेवा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा।
vi. संविदा सेवा की अवधि समाप्त होने के बाद आगे के लिए सेवा का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है।
vii. कोई भी अधिसूचना/शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट https://main.icmr.nic.in एवं https://nidhr.icmr.org.in पर जारी किया जायेगा।
viii. किसी भी प्रकार की सिफारिश या प्रभाव चयन प्रक्रिया से वंचित करने का कारण बनेगा।

विवरण देखने के लिए वेबसाइट:-

https://main.icmr.nic.in and https://nidhr.icmr.org.in

सीमा

सीमा वर्मा
प्रशासनिक अधिकारी